महत्वपूर्ण एवं खास

दो राइस मिलर हुए ब्लेक लिस्टेड, खाद्य विभाग के अधिकारी ने की कार्रवाई

रायगढ़। कस्टम मिलिंग के धान मिलिंग करने के मामले में विधिवत पंजीयन नही कराने वाली दो राइस मिलों को ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया है। खाद्य विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस के बाद जिले की लगभग सभी राइस मिल संचालकों को अपनी-अपनी राइस मिलों का नए ढंग से पंजीयन कराना था जिसमें श्याम फुड राइस मिल रायगढ़ व रायगढ़ फुड एण्ड होटल राइस मिल संचालक ने इस मामले में कोई पहल नही की जिसके चलते दोनों राइस मिलों को ब्लेक लिस्टेड करके उनके उत्पादन पर रोक लगा दी है। इतना ही नही इससे पहले इन दोनों राइस मिलों को अंतिम नोटिस जारी करके चेताया भी गया था लेकिन इन दोनों राइस मिल संचालकों द्वारा न तो पंजीयन कराने में कोई रूचि दिखाई और न ही नोटिस का जवाब दिया जिसके चलते दोनों राइस मिलों को ब्लेक लिस्टेड घोषित करके कस्टम मिलिंग से अलग करके इनके उत्पादन पर रोक लगा दी गई है।

अंधे कत्ल का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। 15 जनवरी को थाना लैलुंगा में ग्राम झरन का ग्राम कोटवार आकर सूचना दिया कि ग्राम झरन बर चौक में रोड

किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है, सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। शव के माथे में दाहिने ओर तथा बांये हांथ में चोट था, शव को देखकर कोटवार व गांव वालों ने मृतक की पहचान रामेशवर पैंकरा पिता स्व. रोहिना पैंकरा उम्र 40 वर्ष निवासी ढाप थाना लैलूंगा के रूप में किये। मौके पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पी.एम. कराया गया। शव व घटनास्थल को देखने पर प्रथम दृष्टिया हत्या का मामला प्रतीत होने पर मौके पर पुलिस डॉग की भी मदद ली गई थी। आज दिनांक को मृतक का पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 08/19 धारा 302 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान घटनास्थल से मिले साक्ष्य व गवाहों से पूछताछ पर थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा संदेही कृष्णा भगत निवासी झरन से हिकमत अमली से पूछताछ किया गया। कृष्णा भगत ने बताया कि मृतक रामेश्वर पैंकरा करीब 04 महिना पूर्व से इसके घर में रह रहा था, दिन में रामेश्वर पैंकरा होटल आदि में मजदूरी करता व रात में इसके घर खाना खाकर सोता था 14 जनवरी की रात्रि खाना-पीना के बाद कृष्णा भगत और रामेश्वर पैंकरा आग के पास बैठे थे, इसी बीच दोनों के बीच विवाद हुआ और कृष्णा भगत डंडा व परसूल से रामेश्वर पैंकरा की हत्या कर शव को रोड किनारे फेंक दिया था। आरोपी के कबूलनामे के बाद आरोपी कृष्णा भगत पिता परमेश्वर भगत उम्र 28 वर्ष निवासी झरन को गिरफ्तार किया गया है।

आग लगने से 50 हजार का सामान जलकर खाक

रायगढ़। रायगढ़ कोतरा रोड थाना क्षेत्र में राजीव नगर गली नंबर 2 निवासी सियाराम गवेल पिता साहिब राम गबेल के घर में शाम 7 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगने से मोहल्ले में खलबली मच गई। इस आगजनी में लगभग 50 हजार के सामान जलकर खाक हो गए। आग मोहल्लेवासियों ने नगर निगम को फोन कर सूचना दी। तत्काल वहां पर मौजूद नगर सेना के जवान और कर्मचारियों ने मौके पर पंहुचकर आग पर काबू पाया।

ए ग्रेड रेलवे स्टेशन को सौर ऊर्जा से रोशन करने की योजना अधर पर

रायगढ़। रायगढ़ ए ग्रेड दर्जा प्राप्त रेलवे स्टेशन पर बिजली आपूर्ति खपत कम करने के लिए रेल विभाग द्वारा सोलर पैनल से स्टेशन परिसर को उजियारा करने का प्रस्ताव गत वर्ष बनाया गया था। जिस पर अनुमानित 19 लाख रुपये खर्च किया जाना है। जिसे अमलीजामा पहनाने अक्टूबर माह से कवायद आरंभ किया गया। विभागीय उदासीनता से यह लेटलतीफ कि भेंट चढ़ गया है। स्टेशन प्लेटफार्म छत में लगाया गया पैनल महज दिखावा बन गया है, इससे तीन माह बाद भी प्लेटफार्म को रौशन करने की योजना अधर पर नजर आ रहा है।

गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन के छत पर सौर ऊर्जा से प्लेट लगाया गया था। ऊर्जा उत्पादन कर बिजली बचाते हुए

सौर ऊर्जा से प्लेटफर्म को रोशन करने का पहल किया गया था, वहीं सेटअप को दिल्ली की एक निजी कम्पनी को जिम्मा मिला था। शुरुआती दौर पर इसे लगाने युद्ध स्तर पर कार्य किया गया और वक्त के साथ यह कवायद कछुए गति से होने लगा। परंतु 3 माह बाद भी इस योजना को धरातल पर नहीं लाया जा सका है जिससे हर माह करोड़ों रुपए की बिजली बिल अदायगी रेल विभाग को करना पड़ रहा है। जो विभागीय उदासीन कार्यप्रणाली से बिजली बचत की योजना को बंटाधार कर रहा है।

विभाग उदासीन एजेंसी की चल रही मनमानी

ए ग्रेड दर्जा प्राप्त रेलवे स्टेशन पर सोलर सिस्टम सहित अन्य अत्याधुनिक सिस्टम से स्टेशन को लैश करने की कवायद चल रही है जिस में सोलर सिस्टम भी शामिल है। इस सिस्टम को लगाने के लिए दिल्ली के निजी कंपनी को ठेका मिला है जिसने तिथि निर्धारित होने के बावजूद भी इसको लेकर उदासीन रैवया अपनाया जा रहा है। इसका प्रमुख कारण विभागीय निष्क्रियता से एजेंसी संचालक मनमानी रूप से कार्य कर रहा है।

केबलिंग अधूरा पूरा करने नही दिख रहा प्रतिबद्धता

स्टेशन परिसर को सोलर सिस्टम के साथ मिलने से निश्चित तौर पर इसका सीधा फायदा रेलवे को बिजली बिल में कटौती के रूप में मिलेगा दूसरी और बिजली गुल होने पर अधिकारियों को परेशानियों सेनिजात मिलेगी परंतु इस कार्य में सबसे महत्वपूर्ण केबलिंग का होता है जो वर्तमान स्थिति में 50- 55 प्रतिशत तक पूरा हो पाया है। पूरा करने एजेंसी पर कोई प्रतिबद्धता नजर नहीं आ रही है ऐसा कहना गलत नहीं होगा क्योंकि जिस स्थिति में पखवाड़ा भर पूर्व छोड़ा गया था वह आज भी बनी हुई है ।

शराब के नशे में किराए दार ने विवाद पर के लिया जान

रायगढ़। दो दिन पूर्व लैलूंगा थाना क्षेत्र ग्राम झरन रोड किनारे लाश बरामद होने से खलबली मच गई थी। जिसमें जांच उपरांत हत्या की आशंका व्यक्त किया गया था। वही जांच व शर्ट पीएम रिपोर्ट के साथ साथ खोजी कुत्ते ने मकान मालिक के घर पर बारम्बार जाने से कई शंकाओं को जन्म दिया। जिसके पश्चात मामले में लैलूंगा पुलिस ने एक एक पहुलुओं पर तफ्तीश करते हुए आरोपी तक पहुंच गई वही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

61 हजार दीपों से होगा गणपर्व का आगाज

युवक संघ रामनिवास टाकीज चौक का आयोजन

रायगढ़। युवक संघ रामनिवास टाकीज चौक के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 26जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन मिनी स्टेडियम रायगढ़ में दीप उत्सव का आयोजन किया गया है। संगठन का आयोजन का यह चौथा वर्ष है।कार्यक्रम का समय संध्या 6 बजे रखा गया है। जहां देशभक्ति आर्केस्ट्रा के बीच देश के अमर शहीदों की याद में 61 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। युवक संघ के संयोजक सुरेश गोयल ने इस पावन अवसर पर शहरवासियों तथा जिलेवासियों से शाम 6 बजे अपने घरों के बाहर भी दीप जलाकर इस गणपर्व पर स्वागत करने तथा विभिन्न वार्डो तथा मोहल्ले के युवा समितियों से अपने-अपने चौक-चौराहों पर दीपोत्सव का आयोजन करने की अपील की है।

नसबंदी कराने आई महिलाओं को खुले में घंटों करना पड़ा इंतजार

रायगढ़। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई तरह के कार्यो का क्रियान्वयन कर रही है। जिसमें महिला नसबंदी व पुरूष नसबंदी शामिल है। इस योजना के कारण जनसंख्या स्थरीकरण के लिए शासन स्तर जिला स्वास्थ्य अमला को लक्ष्य भी दिया जाता है, हाल यह है कि स्वास्थ्य महकमा इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए नसबंदी शिविर का आयोजन करती है। वही विभाग द्वारा महिला नसबंदी के लिए सारंगढ़ के विभिन्न ग्रामीण अंचल से मितानिन व स्वास्थ्य अभिकर्ता के माध्यम से 26 महिला मरीजो को नसबंदी के लिए जिला मुख्यालय लाया गया। विभाग इन महिला मरीजो को सुबह 9 बजे से उनके परिजनों के साथ अव्यवस्थाओं के बीच अस्पताल परिसर बैठा दिया गया। वही सारंगढ़ अस्पताल से आए मेडिकल स्टाफ मौके से नदारद रहे इससे मरीजों के परिजनों से लेकर नसबंदी कराने आई महिलाओं में आक्रोश नजर आया है। यह आक्रोश तब बढ़ गया जब महिलाओं के साथ उनके छोटे दुधमुंहे बच्चे महिलाओं को भूख व अन्य परेशानियों ये कारण परेशान करने लगे थे वही जब परिजनों द्वारा इस पर विरोध व नाराजगी जाहिर करने लगे जिस पर विभागीय अधिकारियों के कान खड़े हो गए आनन फानन में मेडिकल कालेज रोड स्थित एमसीएच शासकीय अस्पताल के एम्बुलेंस से शाम 4 बजे ले जाया गया। तब कही जाकर मामला मेकाहारा से शांत हुआ।

परिजनों ने मचाया हंगामा हरकत में आया विभाग

मेकाहारा अस्पताल परिसर में बैठे मरीजों को जब सुध ली गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें रायगढ़ नसबंदी के लिए पहुचने के लिए बोला गया था। इस आदेश का परिपालन करते हुए ग्रामीणों द्वारा सुबह 6 बजे घर से निकलते हुए बस के माध्यम से जिला अस्पताल 9 बजे पहुंचे। परंतु सुबह से दोपहर तक महिला मरीज नसबंदी आपरेशन के लिए समुचित टेस्ट के लिए घंटो इंतजार करते रहे।

47 अपराधियों के खिलाफ बनी जिला बदर की फाईल

अब तक 23 लोगों को किया जा चुका तड़ी पार

रायगढ़। बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए जिले की पुलिस अब सीधे-सीधे अपराधियों के खिलाफ फाईल बनाकर कडी कार्रवाई करते हुए उनके आतंक को कम करने के लिए लगी है। चूंकि लंबे समय से अलग-अलग अपराधों में शामिल अपराधियों के बुलंद हौसले को रोकने के लिए जिला बदर के जरिए उन्हें सबक सिखाकर आम जनता को भय मुक्त माहौल देने की पहल शुरू हो गई है। पुलिस विभाग अब तक 47 लोगों के खिलाफ जिला बदर की फाईल तैयार कर चुका है जिसमें से 24 प्रकरण जिला दंडाधिकारी के पास पेश किए गए थे और उनमें से 23 अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है। बढ़ते अपराधों को कम करने के प्रयास करने के अलावा जिला पुलिस अलग-अलग थानों में उन लोगों की कुंडली तैयार करने में लगी है जो लंबे समय से अपने-अपने क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने हुए हैं। जिला बदर की फाईल तैयार करके अपराधियों को आसपास के जिलों से भी बाहर का रास्ता दिखा रही है। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने इस संबंध में बताया कि वर्ष 2014 से लेकर 2018 तक 47 जिला बदर के मामले कुख्यात अपराधियों पर दर्ज किए गए थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुंज सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल्यों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480